nt>

Title: Situation arising out of discontinuation of oil supply to the oil depot situated in Satna district of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) :अध्यक्ष महोदय, तेल के बढ़ते हुये मूल्यों से पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना, मध्य प्रदेश में पिछले एक महीने से तेल की आपूर्ति बंद कर दी गई है। वहां करोड़ों रुपयों की लागत से एक ऑयल डिपो बनाया गया था लेकिन वह बंद कर दिया गया है। मैंने माननीय मंत्री जी को पूर्व में इस बात की जानकारी दी थी लेकिन उनका कहना था कि जिन लोगों की जमीन पर तेल डिपो बना है, वे नौकरी मांग रहे हैं, इसलिये करोड़ रुपयों की लागत से बना तेल डिपो बंद किया जा रहा है। जब हाई कोर्ट, जबलपुर ने यह कहा कि नौकरी मांगने का कोई अधिकार नहीं बनता तो मैंने मंत्री जी को इस संबंध की जानकारी दी। इसके बावजूद तेल डिपो बंद है।

मेरा आपसे आग्रह है कि तत्काल वहां बंद तेल डिपो चालू किया जाये इंडियन ऑयल से तेल की आपूर्ति कराई जाये। वर्तमान समय में उपभोक्ताओं को 80 पैसे प्रति लीटर महंगी दर से तेल मिल रहा है। तथा 250 कि0 मी0 दूरी से तेल की आपूर्ति की जा रही है जो कि समय पर हो भी नही पाती ।